# नियमित कॉलेज आने के लिए किया प्रेरित

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव के तहत 'दीक्षारंभ समारोह' की शुरुआत हुई। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने छात्रों को नियमित रूप से कक्षा में आने और कॉलेज की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल और सभी विभागों के प्राध्यापकों ने नव प्रवेशित छात्रों का तिलक कर स्वागत किया। एनसीसी सीनियर छात्र अर्णव शर्मा ने एनसीसी से जुड़ी गतिविधियों और फायदों के बारे में बताया। इस मौके पर डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. चित्रा राय आदि उपस्थित रहे।पी-2